हिंदी पखवाडा समापन समारोह

दिनांक 4 अक्टूबर 2023 को भाकृअनुप-केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसन्धान संस्थान, जोधपुर में हिंदी पखवाडा समापन समारोह का आयोजन किया गया | संस्थान के निदेशक डॉ. ओम प्रकाश यादव द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) महिपाल सिंह राठौड़., विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर का स्वागत किया गया | इस अवसर पर प्रोफेसर महिपाल सिंह राठौड़. ने कहा कि हिंदी आमजन की भाषा है | हमें हिंदी बोलने में गर्व का अनुभव करना चाहिये | यह हमारी एतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर की वाहक है |

इस अवसर पर संस्थान निदेशक डॉ. ओम प्रकाश यादव ने कहा कि हिंदी एक वैज्ञानिक भाषा है | संवैधानिक बाध्यता के साथ साथ हमारा नैतिक दायित्व भी है कि हम हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें | कार्यक्रम के दौरान कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | श्री नवीन कुमार यादव, उप निदेशक (राजभाषा) द्वारा हिंदी गतिविधियों संबंधी प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया | हिंदी पखवाडा के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया | इस अवसर पर संस्थान के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (वरि.ग्रेड) श्री सुरेश कुमार ने कहा कि हिंदी में हम अपनी बात सरल और सहज रूप से व्यक्त कर सकते हैं | लेखा नियंत्रक श्रीमती सुनीता आर्य ने सभी को हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने की अपील की | कार्यक्रम का संचालन डॉ. महेश कुमार ने किया | धन्यवाद ज्ञापन श्री नवीन कुमार यादव ने किया |